# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(तेरहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## शुक्रवार, 23 दिसम्बर, 2016/ 2, पौष, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 34**

----

### रसोई गैस

***3644 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभाग द्वारा चौपाल व कुपवी तहसीलें तथा देहा और नेरवा उप-तहसीलों के लोगों को रसोई गैस का कितना कोटा निर्धारित किया गया है; ब्यौरा दें;

(ख) इन स्थानों पर गैस वितरण हेतु क्या मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) विभाग द्वारा जनहित में गैस समय पर उपलब्ध करवाने हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## पुल निर्माण

***3645 श्री पवन काजल (कांगड़ा)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कांगड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत काँगड़ा मंदिर रेलवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक पर पुल निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## कामगारों का पंजीकरण

***3646 श्री महेन्द्र सिंह(धर्मपुर) :**
**श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के पास कितनी धनराशि जमा है;

(ख) दिनांक 01 सितम्बर, 2016 से 30 नवम्बर, 2016 तक भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में कितने कामगारों का पंजीकरण मनरेगा और अन्य संनिर्माण से किया गया; ब्यौरा जिला/विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार अलग-अलग दें;

(ग) जिन कामगारों ने ठेकेदारों-कम्पनियों या यूनियनों से मजदूरी पर्ची या नियोक्ति-पत्र निर्माण कामगार प्राप्त किए हैं और कार्य किया है; उन ठेकेदारों/कम्पनियों और यूनियनों का कार्यवार ब्यौरा दें; और

(घ) इस अवधि में कामगारों के लिए कितनी-कितनी और कौन-कौन सी वस्तुएं किन-किन कम्पनियों से किस-किस दर में क्रय की गई; इनका आबंटन किन-किन जिलों/विधान सभा निर्वावन क्षेत्रों में किया गया; तथा कितने कामगारों को नकद राशि दी गई; ब्यौरा उनके नाम व पते सहित दें?

----

## विधायक प्राथमिकता

***3647 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में लोक निर्माण मण्डल जयसिंहपुर के अन्तर्गत कितनी विधायक प्राथमिकता की योजनाएं स्वीकृत हुईं; और

(ख) इनमें से कितनी योजनाओं की डी0पी0आर0 बन चुकी हैं और कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई गई; ब्यौरा वर्षवार दें?

----

## आपराधिक मामले

***3648 डॉ0 राजीव बिन्दल(नाहन) :**
**श्री सतपाल सिंह सत्ती(ऊना) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में जिला सिरमौर में हत्या, रेप, हत्या का प्रयास, डकैती, चोरी, धार्मिक उन्माद, गौ-तस्करी, कन्या भ्रूण हत्या, शादी के नाम पर लड़कियों को बेचा जाना, NDPS व गोला, बारूद, जिन्दा कारतूस का पकड़ा जाना तथा अन्य अपराधों के कितने-कितने मामले दर्ज़ हुए; ब्यौरा थानावार दें;

(ख) इन मामलों में कितने आरोपियों पर कार्रवाई हुई, कितने मामले लम्बित हैं व कार्रवाई न होने या आरोपी न पकड़े जाने के क्या कारण रहे; ब्यौरा दें; और

(ग) पांवटा थाना के अन्तर्गत माजरा चौकी के अधीन इनमें से कितने मामले दर्ज़ हुए व सरकार क्या अधिक मामलों के दर्ज़ होने के दृष्टिगत इस चौकी को थाना में स्तरोन्नत करने का विचार रखती है?

----

## छौंछ खड्ड का तटीयकरण

***3649 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) क्या यह सत्य है कि सरकार द्वारा इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की छौंछ खड्ड का तटीयकरण करने का लक्ष्य वर्ष, 2017 तक रखा गया है; और

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार निर्धारित समयावधि में इस कार्य को पूर्ण करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## Bus Stand Dalhousie

***3650 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) whether there is any proposal to construct a Bus Stand at Dalhousie;

(b) whether the land for Bus Stand has been identified and transferred to the Transport Department; and

(c) what is the latest position of the Project?

----

## Swan Channelization Project

***3651 Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) how much amount has been spent for the construction of Swan Channelization Project in District Una, so far;

(b) how much land will be protected and how much amount spent on its tributaries; names of those tributaries which fall in Kutlehar Assembly Constituency which is a part of Swan Channelization Project be given;

(c) whether additional activities/construction works have been started by this Project; if so, how much amount has been spent on each work up till now; details be given; and

(d) names of persons benefited, so far, be also given?

----

## उद्योगों में कार्यरत कर्मचारी

***3652 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में स्थापित उद्योग (1) वी.वी.एफ. (2) पी0 एंड जी. (3) जोन्सन एण्ड जोन्सन (4) लोरियल (5) मैक्लायडज फार्मा (6) हैवल्स (7) वर्धमान ग्रुप (8) विनसम टैक्सटाईल (9) MODLAGE INTERNATIONAL (कैडबरी) में कर्मचारी व प्रशासनिक स्टाफ सहित कितने लोग कार्यरत हैं;

(ख) इनमें से कितने कर्मचारी कम्पनी रोल पर तथा कितने ठेकेदार के माध्यम से कार्यरत हैं; और

(ग) उद्योगों में ठेकेदार द्वारा श्रम कानून के अन्तर्गत कहां-कहां श्रमिक लगाये जा सकते हैं; ब्यौरा दें ?

----

## सब-स्टेशन की स्थापना

*3653 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि लग घाटी में सब-स्टेशन की स्थापना हेतु धनराशि उपलब्ध होने के बावजूद निर्माण कार्य में विलम्ब हो रहा है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर निर्माण कार्य आरम्भ किया जाएगा?

----

## जल रक्षक

*3654 **श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) वर्तमान में प्रदेश में विभिन्न सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य मण्डल में कितने जल रक्षक (Water Guard) कार्यरत हैं; तथा इन्हें कितनी धनराशि वेतन/मानदेय के रूप दी जा रही है; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) यह सत्य है कि इन जल रक्षकों को पिछले कुछ महीनों से वेतन/ मानदेय नहीं दिया गया; यदि हां, तो उन्हें इसका भुगतान कब तक कर दिया जाएगा; और

(ग) सरकार क्या प्रदेश में कार्यरत जलरक्षकों की सेवाओं को नियमित करने के लिए नीति निर्धारित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## स्पाईस पार्क का निर्माण

*3655 **श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि लगभग तीन वर्ष पूर्व सरकार ने नदौन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्पाईस पार्क का निर्माण करने की घोषणा की थी; और

(ख) यदि हां, तो इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## गौ सदन

***3656 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार द्वारा कितने गौ सदन किन-किन स्थानों पर खोले गये; और

(ख) यह गौ सदन क्या सुचारू रूप से चल रहे हैं या नहीं; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें ?

----

## जनजातीय क्षेत्र घोषित करना

***3657 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि गिरीपार क्षेत्र को जनजातीय क्षेत्र घोषित करने के लिए Survey Report केन्द्र सरकार को भेजी गई है; यदि हाँ, तो कब;

(ख) पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अर्न्तगत Trans Giri क्षेत्र की कितनी पंचायतों को इसमें सम्मिलित किया गया है और कितनी पंचायतों को छोड़ दिया गया है; और

(ग) जिन पंचायतों को बाहर किया गया है उनके क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

----

## अधिगृहित भूमि को वापिस करना

***3658 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में सरकार के पास कितनी ऐसी भूमि है जिसका अधिग्रहण कार्य विशेष हेतु करने के पश्चात उस कार्य हेतु उपयोग नहीं किया गया है; ब्यौरा जिला व कार्यवार दें;

(ख) सरकार क्या इस भूमि को किसानों को वापिस करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## Bus Fleet

***3659 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that most of old buses are plying in Lahaul & Spiti; if yes, details such as year of manufacture of Buses and total number of mini and other Buses plying be given;

(b) whether it is a fact that there are lot of link roads in Lahaul; if so, how many Mini and other Buses have been replaced with new Buses during this year till 30th November, 2016; and

(c) by when the fleet of buses will be increased to 65?

----

## कर्मचारियों का नियमितीकरण

***3660 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 01.01.2013 से 31.10.2016 तक सरकारी विभागों, बोर्डों एवं निगमों में अनुबन्ध पर की गई नियुक्तियों में से कितने कर्मचारियों को नियमित किया गया; ब्यौरा विभागशः दें;

(ख) सरकार ने क्या इस सम्बन्ध में कोई नीति बनाई है; और

(ग) यदि हां, तो कब और इसे कब तक अमल में लाया जायेगा?

----

## उद्योगों के विरूद्ध कार्रवाई

***3661 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) संसारपुर टैरेस औद्योगिक क्षेत्र में कितने ऐसे उद्योग हैं जिनमें Effluent Treatment Plants लगे हैं; कितने में नहीं लगे हैं; और

(ख) Pollution Control Board द्वारा इस क्षेत्र में कितने उद्योगों के सैम्पल भरे गए; उनमें कितने फेल हुए, जिन उद्योगों के सैम्पल फेल हुए उनके विरुद्व क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा उद्योगवार दें?

----

## धनराशि की प्राप्ति

***3662 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 30 नवम्बर, 2016 तक प्रदेश को सर्वशिक्षा अभियान और राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अन्तर्गत केन्द्र सरकार से कब-कब और कितनी-कितनी धनराशि प्राप्त हुई;

(ख) इस धनराशि में से कितनी धनराशि कब और किस-किस जिला को दी गई; ब्यौरा जिलावार दें;

(ग) जिला बिलासपुर को आवंटित धनराशि में से कितनी-कितनी धनराशि किस-किस विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र को दी गई; और

(घ) श्री नैना देवीजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र को जारी धनराशि में से किस-किस शिक्षण संस्थान को कब-कब और कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा दें?

----

## सड़क निर्माण

***3663 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में कसौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में नवीन योजनाओं के अन्तर्गत किन-किन सड़कों को निर्माण हेतु प्राथमिकता में लिया गया है; और

(ख) इनमें से कितनी सड़कों की DPR एवं Estimates विभाग द्वारा तैयार कर लिए गए हैं; ब्यौरा दें?

----

## बन्दरों से निजात

***3664 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में सरकार द्वारा बन्दरों की बढ़ती संख्या के समाधान हेतु क्या पग उठाए गए हैं;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 30.11.2016 तक बन्दरों द्वारा कितने लोगों को काटा गया; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार ने बन्दरों द्वारा काटे गए लोगों को क्या-क्या सहायता दी; ब्यौरा उप मण्डलवार दें?

----

## बैकलॉग की भर्ती

*3665 **श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि गत वर्ष सरकार ने विभिन्न विभागों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रिक्त पदों के बैकलॉग को भरने का निर्णय लिया था;

(ख) यदि हां, तो दिनांक 30.11.2016 तक सरकार द्वारा उसी तर्ज़ पर ओ.बी.सी.के कितने रिक्त पद विशेषकर शिक्षा विभाग में DPE व PTI के भरे गए; ब्यौरा विभागशः दें?

----

## खातों की छानबीन

*3666 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 8 नवम्बर, 2016 को केन्द्र सरकार द्वारा घोषित नोटबन्दी के उपरान्त प्रदेश के उद्योगपतियों ने एक हज़ार व पांच सौ रूपए के नोटों को अपने उद्योगों में कार्यरत कर्मियों के बैंक खातों में एकमुश्त जमा करवाया है और क्या सरकार ने पंजीकृत उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों/मज़दूरों के बैंक खातों की छानबीन करवाई है; और

(ख) यदि हां, तो कितनी धनराशि इन बैंक खातों में डाली गई; ब्यौरा उद्योगवार दें?

----

## मिड हिमालयन परियोजना

*3667 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में मिड हिमालयन परियोजना (Mid Himalayan Project) के अन्तर्गत विभिन्न स्कीमों के अन्तर्गत लाभार्थियों को प्रतिदिन प्रयोग में आने वाली सामग्री उपलब्ध करवाई जाती है;

(ख) यदि हाँ, तो इस सामग्री/सामान को क्रय करने की क्या प्रक्रिया है; ब्यौरा सामग्री/सामान के नाम, रेट सहित दें; और

(ग) सामग्री क्रय करने के लिए क्या खुली निविदाएं भी ली जाती हैं तथा यह सामान/ सामग्री किस-किस कम्पनी/फर्म से क्रय की गई; ब्यौरा कम्पनी/फर्म के नाम सहित दें?

----

## तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय

***3668 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय जयसिंहपुर की स्थापना कब की गई तथा इस कार्यालय हेतु कितने पद स्वीकृत हैं; ब्यौरा दें?

----

## जमा धनराशि

***3669 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 8 नवम्बर, 2016 को प्रदेश में नोटबन्दी के उपरान्त दिनांक 30 नवम्बर, 2016 तक Nationalized Banks में कितनी धनराशि 500/1000 रूपये के नोटों द्वारा जमा करवाई गई; ब्यौरा बैंकवार/जिलावार दें;

(ख) इस अवधि के दौरान प्रदेश के सहकारी बैंकों (कांगड़ा Central Co-Operative Bank, HP State Co-Operative Bank, बघाट बैंक, जोगिन्द्रा सैन्ट्रल बैंक व अन्य बैंक) में कितनी-कितनी धनराशि 500/1000 रूपये के नोटों द्वारा जमा करवाई गई; ब्यौरा बैंकवार/जिलावार दें; और

(ग) प्रदेश में सहकारी सभाओं में दिनांक 8-11-2016 के उपरान्त दिनांक 30-11-2016 तक 500 व 1000 रूपये के नोटों के रूप में कुल कितनी धनराशि जमा हुई; ब्यौरा सहकारी सभावार दें?

----

## ब्यास नदी का तटीयकरण

***3670 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार प्रदेश में बहने वाली ब्यास नदी के तटीयकरण करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हाँ, तो कब तक कार्य आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## Civil Hospital Dalhousie

***3671 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the building of Civil Hospital, Dalhousie is under construction; and

(b) what is the latest position of the Project; by when the work is likely to be completed ?

----

## भवन निर्माण

***3672 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जिन पाठशालाओं में बच्चों की संख्या अत्यधिक है व कमरों की संख्या कम है उन स्कूलों में बच्चों की संख्या के अनुपात में कब तक कमरों के निर्माण हेतु धनराशि उपलब्ध करवा दी जायेगी;

(ख) हाल ही में स्तरोन्नत किये गये विद्यालयों में भी अतिरिक्त कमरों के निर्माण हेतु क्या सरकार द्वारा धनराशि उपलब्ध करवा दी गई है; और

(ग) दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विद्यालयों में निर्मित कमरों व बच्चों की संख्या का ब्यौरा दें?

----

## सड़क पर अतिक्रमण

***3673 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि कुछ लोगों द्वारा फेज़-III, न्यू शिमला में सड़क के किनारे पैरापिटों के साथ ढारे बनाकर सड़क पर अतिक्रमण किया है; और

(ख) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इस अतिक्रमण को हटाने हेतु क्या पग उठाए गये हैं; ब्यौरा दें?

----

## राजकीय माध्यमिक पाठशाला गोधरा

***3674 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक पाठशाला गोधरा के भवन का निर्माण कब तक करने का विचार रखती है; भूमि क्या स्कूल के नाम हो चुकी है; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## बसों की दुर्घटनाएं

***3675 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत एक वर्ष में दिनांक 31.10.2016 तक प्रदेश में कितनी निजी व सरकारी बसें दुर्घटनाग्रस्त हुईं;

(ख) इन बसों में दुर्घटना के समय कितनी-कितनी सवारियां थी और उन बसों की बैठने की क्षमता कितनी थी;

(ग) इन दुर्घटनाओं के पीड़ितों को कितनी-कितनी आर्थिक सहायता प्रदान की गई; ब्यौरा पीड़ितों के नाम, पते व दी गई राशि सहित दें?

----

## Liability and Backlog

***3676 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that there is large amount of liability with the I&PH Department in Keylong Division;

(b) how much liability is still pending and how much additionality is required for the same; and

(c) by when the Department will provide additionality to clear the liability and smooth functioning of Keylong Division?

----

## विधायक प्राथमिकता में योजनाएं

***3677 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में जसवां-प्रागपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की विधायक प्राथमिकताओं की कितनी DPRs बनाकर स्वीकृत की गई; और

(ख) कितनी DPRs अभी बननी शेष हैं तथा इनके न बनने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 7 दिसम्बर, 2016.** **सचिव।**